साहित्य अकादेमी

स्वच्छता पखवाड़ा (29 सितंबर 2017)

साहित्य अकादेमी द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह आज साहित्य अकादमी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिंदी व अंग्रेजी के प्रख्यात लेखक एवं राजाराम मोहन राय लायब्रेरी फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर शर्मा ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें केवल स्वच्छता एक पखवाड़े के लिए ही नहीं बल्कि हमेशा के लिए अपनानी होगी। उन्होंने स्वच्छता और पवित्रता को जोड़ते हुए कहा कि भारत में प्राचीन काल से स्वच्छता की बेहद वैज्ञानिक परंपरा रही है। उन्होंने सभी से स्वच्छता को संकल्प के रूप में अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम के शुरुआत में साहित्य अकादेमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने मुख्य अतिथि का पुस्तक भेंट कर स्वागत करते हुए उनका संक्षिप्त परिचय दिया। इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़े के दौरान आयोजित निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के पुरस्कृत प्रतिभागियों को नकद राशि देकर सम्मानित भी किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन संपादक हिंदी अनुपम तिवारी ने दिया।